दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के गुरारू में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

02. राष्ट्रीय जनता दल ने आम चुनाव के लिए बाईस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी से तेरह उम्मीदवार पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने स्पष्ट किया– लोकसभा चुनाव में अपनी उंगलियों पर स्याही लगवाने वाले छात्रों को परीक्षा कक्ष में आने से नहीं रोका जाएगा।

04. और, प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत नौ शहरों के तापमान में गिरावट। चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान।

---

लोकसभा के पहले चरण के लिए उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। इस चरण में नवादा, औरंगाबाद, जमुई और गया निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होना है। प्रचार के क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज औरंगाबाद से एनडीए के प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में सर्वोदय विद्या मंदिर हाई स्कूल, गुरारू के मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस भी इस सभा को संबोधित करेंगे। इधर, श्री चौधरी ने कल औरंगाबाद में सुशील कुमार सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनडीए की लहर है और यहां यह गठबंधन सभी चालीस सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चार सौ सीट जीतने के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करेगा।

———बाईट———

वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज औरंगाबाद, गया और जमुई लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री यादव औरंगाबाद के रफीगंज, गया के फतेहपुर और जमुई के सोनो में महागठबंधन

प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, दूसरे चरण के चुनाव के लिए भी प्रचार में तेजी आने लगी है। सभी उम्मीदवार डोर–टू–डोर और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं।

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुंगेर से सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है। मुंगेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि बिहार में इस बार एनडीए सभी चालीस सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने आम चुनाव के लिए अपने बाईस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। महागठबंधन में राजद के कोटे में तेईस सीट आई है। इनमें से बाईस सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर दिये गये हैं, जबकि सीवान सीट पर पार्टी ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। हालांकि पार्टी के छह उम्मीदवार पहले ही गया, औरंगाबाद, जमुई, नवादा, बांका और पूर्णिया लोकसभा क्षेत्रों से नामांकन दाखिल कर चुके हैं। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार **पाटलिपुत्र** लोकसभा क्षेत्र से मीसा भारती, **सारण** से रोहिणी आचार्य, **शिवहर** से रितु जायसवाल और **मुंगेर** से अनीता देवी महतो को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं, **मधेपुरा** से प्रो. कुमार चंद्रदीप को उम्मीदवार बनाया गया है। वे पूर्व सांसद रमेन्द्र कुमार रवि के पुत्र हैं। **वैशाली** लोकसभा सीट से पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, पार्टी ने **हाजीपुर** सीट से पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम पर भरोसा जताया है। पार्टी ने **दरभंगा** लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री ललित यादव, **मधुबनी** से पूर्व सांसद मोहम्मद अली असरफ फातमी, **बक्सर** से विधायक सुधाकर सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, **सुपौल** सामान्य सीट पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवार चंद्रहास चौपाल को मैदान में उतारा है। इधर, **अररिया** से विधायक शाहनवाज आलम को उम्मीदवार बनाया गया है। इधर, **जहानाबाद** से विधायक सुरेन्द्र यादव, **उजियारपुर** से विधायक आलोक मेहता, **सीतामढ़ी** से पूर्व सांसद अर्जुन राय और **वाल्मीकिनगर** से दीपक यादव प्रत्याशी बनाए गये हैं। राजद द्वारा घोषित अबतक के उम्मीदवारों में तेरह प्रत्याशी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, पार्टी ने छह महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से डॉक्टर सविता पारीक।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों की श्रृंखला में, आज जानकारी कटिहार लोकसभा सीट की। कटिहार बिहार के पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है जहां दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

सीमांचल की कटिहार लोकसभा सीट पर पिछले दो दशक से एनडीए का दबदबा है। पिछले पांच चुनाव में से चार बार एनडीए के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वर्तमान में जदयू के दुलाल चंद गोस्वामी इस सीट से सांसद हैं। पार्टी ने एक बार फिर उनपर भरोसा जताते हुये उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने तारिक अनवर को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। तारिक अनवर अब तक पांच बार कटिहार संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में भी दुलाल चंद गोस्वामी का मुकाबला तारिक अनवर से ही हुआ था। इस चुनाव में श्री गोस्वामी ने लगभग संतावन हजार मतों से जीत हासिल की थी। इस बार के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र से कुल नौ उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला जदयू के दुलाल चंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच ही माना जा रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखें तो कटिहार लोकसभा क्षेत्र में बरारी, प्राणपुर, मनिहारी, बलरामपुर, कदवा और कटिहार सदर विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से कटिहार सदर और प्राणपुर सीट पर भाजपा का कब्जा है। बरारी विधानसभा सीट पर जदयू, कदवा तथा मनिहारी सीट पर कांग्रेस और बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र पर सीपीआई माले के विधायक हैं। इधर, लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में सघन जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार मुकेश कुमार चौधरी।

——————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र आम चुनाव में वोट डालते हैं और अपनी उंगलियों पर स्याही लगवाते हैं, उन्हें परीक्षा कक्ष में आने से नहीं रोका जाएगा। एजेंसी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर इस संबंध में चल रहे संदेश पूरी तरह से निराधार हैं। एनटीए ने कहा है कि उसने ऐसा कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किया है। एजेंसी ने छात्रों से कहा है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें, अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

——————————————————————————

और अब पेश है–लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे पश्चिम चम्पारण और वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

पश्चिम चम्पारण जिले में पश्चिम चम्पारण और वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र आते हैं। इन दोनों ही लोकसभा क्षेत्रों में छठे चरण के तहत पच्चीस मई को मतदान होगा। चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन इन दोनों सीटों पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

———बाईट———

बेतिया के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट– पुलिस अधीक्षक ———

पश्चिमी चम्पारण जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदियों की मदद ली जा रही है। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट———

इधर, जिले के दोनों लोकसभा क्षेत्रों पश्चिमी चम्पारण और वाल्मीकिनगर में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशिष कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका कुमारी।

————————————————————————————————————

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार बारह अप्रैल से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इससे पहले तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, इस विक्षोभ के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना सहित नौ शहरों के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी। इस अवधि में शेखपुरा चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं, तापमान में अगले चार से पांच दिनों के दौरान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की सम्भावना है।

———बाईट———

————————————————————————————————————

इस वर्ष के अंत तक यदि तापमान में गिरावट नहीं आई तो जलवायु परिवर्तन अपना असाधारण रूप दिखाएगा। नासा के गोडार्ड इंस्टिट्यूट फॉर स्पेस स्टडीज के निदेशक गॉविन श्मिट के अनुसार यदि उत्तरी अटलांटिक या कहीं ओर इस गर्मी के मौसम के अंत तक तापमान में रिकार्ड बढोतरी हुई तो यह असाधारण घटनाक्रम होगा। यह चेतावनी नये आंकडे जारी होने के बाद आई है कि मार्च–दो हजार चौबीस सर्वाधिक गर्म रहा है। मौसम प्रणाली ने कहा है कि अल–नीनो और मानवीय कारणों से जलवायु परिवर्तन हुआ है जिससे यह गर्मी बढी है।

————————————————————————————————————

देश के किसी भी हिस्से में मंगलवार को चांद नहीं देखे जाने के कारण ईद का त्योहार कल मनाया जाएगा। इधर, ईद की नमाज अदा करने को लेकर राजधानी पटना के गांधी मैदान समेत सभी ईदगाहों में तैयारी पूरी कर ली गयी हैं। कल गांधी मैदान में सुबह साढ़े आठ बजे नमाज अदा की जाएगी। ईद को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारी की गयी है। वहीं, बाजारों में भी खरीदारी को लेकर रौनक बढ़ गयी है।

————————————————————————————————————

अरवल जिले के अरवल सहार पुल पर स्थित महुआ बाग चेक पोस्ट के पास से पुलिस ने एक वाहन सेएक लाख रुपये बरामद किये हैं। गौरतलब है कि आदर्श आचार

संहिता लागू रहने के कारण पचास हजार से अधिक रुपये नकद लेकर चलना प्रतिबंधित है।

---

मुंगेर जिले के गंगटा थाना क्षेत्र में सवा लाख बाबा स्थान के पास गंगटा जंगल में अचानक आग लग गई। वन विभाग के कर्मियों के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा को अपनी सुर्खी बनाया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– सीवान छोड़ राजद के बाईस प्रत्याशी घोषित।

**प्रभात खबर** ने पटना उच्च न्यायालय के फैसले को तरजीह देते हुए लिखा है– धोखेबाज बिल्डरों की जांच ईओयू को क्यों नहीं दी।

**दैनिक जागरण** दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा खारिज किये जाने की खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखता है– केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध।

**दैनिक भास्क**र ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– आशीवार्द देने के लिए सिर पर हाथ रखना लाभदायक– यह दर्द, चिंता व अवसाद को कम करने में मदद करता है। शिशुओं का वजन बढ़ाता है।

**आज** अखबार की सुर्खी है– उम्मीदवारों को सभी चल संपत्ति उजागर करने की जरूरत नहीं–सुप्रीम कोर्ट।

**राष्ट्रीय सहारा** का शीर्षक है– कुलपतियों की बैठक में नहीं पहुंचे के.के. पाठक।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के गुरारू में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

02. राष्ट्रीय जनता दल ने आम चुनाव के लिए बाईस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी से तेरह उम्मीदवार पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने स्पष्ट किया– लोकसभा चुनाव में अपनी उंगलियों पर स्याही लगवाने वाले छात्रों को परीक्षा कक्ष में आने से नहीं रोका जाएगा।

04. और, प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत नौ शहरों के तापमान में गिरावट। चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।